# कसावा

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

**स्वदेशी कृषि** ने कसावा की **आनुवंशिक विविधता** को संरक्षित रखा है और लगभग एक अरब लोगों को भोजन उपलब्ध कराकर इसने **'ब्रेड ऑफ द ट्रॉपिक्स'** का खिताब अर्जित किया है।

- **कसावा:** कसावा (युका या मैनिओक) एक **स्टार्चयुक्त जड़ वाली सब्जी** है और यह **टैपिओका (बेकरी उत्पादों, कागज और चिपकने वाले उद्योगों** में उपयोग किया जाने वाला स्टार्च) का स्रोत है ।
- यह पौधा **दक्षिण अमेरिका का स्थानिक** है और **सूखे एवं निम्न पोषण वाली मृदा** के प्रति इसके अनुकूलन के कारण उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों (अफ्रीका, एशिया एवं लैटिन अमेरिका) में व्यापक रूप से इसकी कृषि की जाती है।
    - भारत में कसावा की कृषि मुख्यतः केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर राज्यों तक ही सीमित है।
- इसे **स्टेम कटिंग** के माध्यम से उगाया जाता है, लेकिन **ब्राज़ील की कुकुरो परंपरा** के अंतर्गत बीज आधारित उत्पादन को प्रोत्साहित कर आनुवंशिक विविधता को बढ़ावा दिया जाता है।
- यह **आंत्र के लिये स्वास्थ्य वर्द्धक** है, रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है, भूख को नियंत्रित करता है और **टाइप 2 मधुमेह के जोखिम** को कम करता है।
- इसका उपयोग बायोएथेनॉल और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के उत्पादन में किया जाता है, जबकि इसके छिलके और पत्ते **पशुओं के चारे** के रूप में उपयोग में लाए जाते हैं।

**और पढ़ें:** आनुवंशिक रूप से रूपांतरित जीव (GMO)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cassava